दिन– शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 07 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने विधानमंडल में वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए ग्यारह हजार एक सौ सतासी करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगी। विधानसभा में आज प्रश्नकाल में महिला सदस्यों को मिलेगी प्राथमिकता।

03. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां आज मोतिहारी में दो दिवसीय शौर्य वेदनम उत्सव की शुरूआत करेंगे।

04. और, सुधा अब विदेशों में भी अपने उत्पादों का करेगा निर्यात। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में एक्सपोर्ट कन्साईनमेंट का शुभारंभ करेंगे।

————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल होने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय 'नारी शक्ति से विकसित भारत' विषय पर राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। समारोह में तीन तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एसटीईएम, व्यापार, खेल, मीडिया और शासन से जुड़ी प्रतिष्ठित महिलाएं शामिल होंगी। इस वर्ष महिला दिवस का थीम है– **तेजी से कार्रवाई करें**। इधर, ग्रामीण विकास विभाग प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पन्द्रह महिला प्रखंड विकास पदाधिकारियों को सम्मानित करेगा। वहीं, महिला दिवस के एक दिन पूर्व आज विधानसभा में सबसे पहले महिला विधायकों से सवाल लिये जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कल ही सदन की कार्यवाही के दौरान यह घोषणा की। अध्यक्ष ने बताया है कि भोजनावकाश के बाद सदन का संचालन महिला सदस्य करेंगी। गौरतलब है कि कल शनिवार होने के चलते विधानमंडल की कार्यवाही नहीं होने के कारण यह निर्णय लिया गया है।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय सहकारी क्षेत्र के विस्तार के लिए वैश्विक सहकारी संगठनों के साथ साझेदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया है। प्रधानमंत्री ने देश में सहकारी क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता में शिक्षण संस्थानों में सहकारी पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए सफल सहकारी संगठनों को बढावा देने का भी प्रस्ताव रखा।

———बाईट———

बैठक दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि पद्धतियों में सुधार के लिए निर्यात पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। इसके अलावा मृदा परीक्षण मॉडल विकसित करने का भी सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने वित्तीय लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए यूपीआई को रुपे और किसान क्रेडिट कार्ड के साथ जोडने के महत्व का भी उल्लेख किया। उन्होंने सहकारी खेती को अधिक टिकाऊ कृषि मॉडल के रूप में बढ़ावा देने पर जोर दिया और सहकारी क्षेत्र में कृषि तथा संबंधित गतिविधियों के विस्तार के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे–एग्रीस्टैक के उपयोग की सिफारिश की। श्री मोदी ने स्कूलों, कॉलेजों और प्रबंधन संस्थानों में सहकारी पाठ्यक्रम शुरू करने के साथ–साथ भावी पीढियों को प्रेरित करने के लिए सफल सहकारी संगठनों को बढावा देने का भी प्रस्ताव रखा। दीपेन्द्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————————

आज जन औषधि दिवस है। इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जेनेरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का उद्देश्य सभी को सस्ते मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने इस पहल का समर्थन करने के लिए पूरे देश में सप्ताह भर की गतिविधियाँ आयोजित की हैं।

———रिपोर्ट———

केन्द्र सरकार ने मधुमेह–बीपी, बुखार, दर्द निवारक समेत तिरेपन प्रकार की आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की कीमत तय कर दी है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय की दवाइयों के लिए मूल्य नियंत्रण इकाई राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण, एनपीपीए ने इन दवाओं की कीमत तय की है।

———————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे ने होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए कई विशेष ट्रेनों का परिचालन शुरू किया है। नई दिल्ली से पटना के बीच कल से एक वंदे भारत विशेष ट्रेन चलेगी। इसके अतिरिक्त पन्द्रह जोड़ी विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन का निर्णय लिया गया है। ये ट्रेन दिल्ली से भागलपुर, गया और राजगीर समेत अन्य स्टेशनों के बीच चलायी जायेंगी।

———————————————————————

बिहार राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड, कॉम्फेड अब विदेशों में अपने उत्पादों की बिक्री करेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सुधा के पहले एक्सपोर्ट कन्साईनमेंट का शुभारंभ करेंगे। इस केन्द्र से संयुक्त राज्य अमेरिका को घी और मखाना का निर्यात किया जायेगा। वहीं, कनाडा में गुलाब जामुन की बिक्री की जायेगी। इस कार्यक्रम में मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह

उर्फ ललन सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा पशु और मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी भी उपस्थित रहेंगी।

————————————————————————

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आज पटना में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति की ओर से आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय करेंगे।

————————————————————————

चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश में कल से तेज हवा चलने और बादल छाये रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान तीस से चालीस किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चलेगी। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि आठ और नौ मार्च को राज्य के किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका और जमुई जिले के एक–दो स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

———बाइट———

————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी शहर के गांधी मैदान में आज से शौर्य वेदनम उत्सव की शुरूआत हो रही है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां इस उत्सव का उद्घाटन करेंगे। दो दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में थल सेना, जल सेना और वायु सेना के अत्याधुनिक हथियार और उपकरणों की प्रदर्शनी लगायी जाएगी। लेफ्टिनेंट जनरल पद्म सिंह शेखावत ने कहा कि शौर्य वेदनम उत्सव का उद्देश्य– **नो योर आर्मी यानि अपनी सेना को जानना** और युवाओं को सेना के प्रति आकर्षित करना है।

———बाईट———

मेजर जनरल विकास भारद्वाज ने बताया कि किसी भी सीमावर्ती जिले में सेना पहली बार इस तरह का आयोजन कर रही है।

———बाईट———

————————————————————————

राज्य सरकार ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाओं पर अंकुश लगाने और पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए वन स्टॉप सेंटर, ओएससी की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

वन स्टॉप सेंटर की संख्या बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं भी इन सेवाओं की लाभ उठा सकेगी। इन केंद्रों के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को चिकित्सकीय, कानूनी और परामर्श सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही

हैं। इसके अतिरिक्त, जरूरतमंद महिलाओं के लिए पांच दिन तक केन्द्र पर ठहरने की सुविधा दी जाती है, जिसे विशेष परिस्थितियों में दस दिन तक बढ़ाया जा सकता है। वन स्टॉप सेंटर पर महिलाएं बिना किसी भय के अपनी समस्याएं साझा कर उचित समाधान प्राप्त कर सकती हैं। वर्तमान में राज्य में उनतालीस वन स्टॉप सेंटर कार्यरत हैं। इसके माध्यम से अब तक चार हजार से अधिक पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का समाधान हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं डॉक्टर सविता पारीक।

——————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कल विधानमंडल में वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए ग्यारह हजार एक सौ सतासी करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया। इस बजट में दो हजार दो सौ बानवे करोड़ रुपये प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत खर्च किये जायेंगे। चालू सत्र में ही अनुपूरक बजट को खर्च करने की सहमति भी प्राप्त कर ली जायेगी। वहीं, चार हजार नौ सौ चौहत्तर करोड़ रुपये चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल और एएनएम–जीएनएम स्कूल के निर्माण पर व्यय होंगे। अनुपूरक बजट में पांच सौ इक्यावन करोड़ रूपये बिजली, चार सौ सोलह करोड़ रूपये पुलिस भवनों के निर्माण, तीन सौ सत्तर करोड़ सड़क और पुलों के निर्माण, दो सौ तेईस करोड़ कामकाजी महिला छात्रावास निर्माण पर खर्च किये जाएंगे। साथ ही दो सौ बारह करोड़ रूपये इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अविवाहित लड़कियों को प्रोत्साहन राशि देने के लिए खर्च की जायेगी।

——————————————————————————

राजधानी पटना के पटेल नगर स्थित आसरा गृह में जहरीली खिचड़ी खाने से तीन संवासिनों की मौत के मामले में समाज कल्याण विभाग ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण कोषांग के सहायक निदेशक प्रभाकर कुमार पटेल को निलंबित कर दिया है।

——————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने राज्य के विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों की ऑनलाईन उपस्थिति बनाने की खबर को प्रमुखता दी है। अखबार लिखता है– विश्वविद्यालय और कॉलेजों में भी अब ऑनलाईन हाजिरी बनेगी।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– देश के मतदाता जल्द ही अनूठी पहचान से होंगे लैस।

दैनिक भास्कर लिखता है– चुकंदर, गेंदा और पालक से गुलाल बना रहा पूसा विश्वविद्यालय, पच्चीस देशों में हो रही है सप्लाई।

प्रभात खबर की सुर्खी है– इसी महीने पटना के मरिन ड्राइव कहे जाने वाले गंगा पथ पर दीघा से दीदारगंज तक दौड़ेंगी गाड़िया।

आज अखबर ने बड़ी पटनदेवी के गर्भगृह की चारों तरफ की जमीन धंसी को प्रमुखता दी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने विधानमंडल में वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए ग्यारह हजार एक सौ सतासी करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगी। विधानसभा में आज प्रश्नकाल में महिला सदस्यों को मिलेगी प्राथमिकता।

03. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां आज मोतिहारी में दो दिवसीय शौर्य वेदनम उत्सव की शुरूआत करेंगे।

04. और, सुधा अब विदेशों में भी अपने उत्पादों का करेगा निर्यात। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में एक्सपोर्ट कन्साईनमेंट का शुभारंभ करेंगे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।